वर्ष के बारह महीने

अंग्रेजी वर्ष के महीने



वर्ष का आरंभ जनवरी महीने से होता है और दिसंबर मे वर्ष समाप्त होता है ।

- ३० दिनवाले महीनों के नाम बताइए ।
- संपूर्ण वर्ष में ३१ दिनवाले कितने महीने हैं ?
- फरवरी महीने में कितने दिन होते हैं ?
- जून महीने के पहले कौन-सा महीना आता है ?
- जनवरी महीने के पहले कौन-सा महीना आता है ?

३० दिन सितंबर, अप्रैल, जून और नवंबर के शेष महीने ३१ दिन के केवल फरवरी छोड़कर ।

भारतीय वर्ष के महीने



वर्ष का आरंभ चैत्र महीने से होता है तथा फाल्गुन महीने में वर्ष समाप्त होता है ।

उपरोक्त चित्रों का निरिक्षण करो तथा रिक्त चौखट भरो ।

ऋतु	वसंत	ग्रीष्म				

पुलिया के नीचे की पटरी के डिब्बे पर कौन-सा महीना लिखा होगा ?



शालेय दिनदर्शिका (कॅलेंडर)

महीना – दिसंबर २०१९

रवि	१	८	१५	२२	२९
सोम	२	९	१६	२३	३०
मंगल	३	१०	१७	२४	३१
बुध	४	११	१८	२५ क्रिसमस	
गुरु	५	१२ खेल प्रतियोगिता	१९	२६	
शुक्र	६	१३ खेल प्रतियोगिता	२० चित्रकला प्रतियोगिता	२७	
शनि	७ वनभोजन	१४	२१	२८	

रमा : यश, इस दिसंबर महीने में हमारे विद्यालय में क्या-क्या होनेवाला है क्या तुम्हे मालुम है ?

यश : हाँ । हमारे विद्यालय की दिनदर्शिका में दिया गया है ।

रमा : तब बताओ मुझे, विद्यालय में चित्रकला प्रतियोगिता कितने तारीख को है ?

यश : ____________

रमा : और खेल प्रतियोगिता कितने दिन है ?

यश : ____________ अब मुझे बताओ २५ दिसंबर के दिन कौन-सा त्यौहार है ?

रमा : आसान, ____________ है । तो ठीक है अब मैं जाती हूँ कल वनभोजन है । मुझे उसकी तैयारी करनी है ।

विचार करें :

रमा और यश इनमें यह संवाद कितने तारीख को हुआ है ?

कृति : कोई भी एक कॅलेंडर लो । इसके आधार पर बताओ ।

- किसी एक महीने की मंगलवार को आनेवाली तारीख में क्या मनोरंजक दिखता है ?
- किसी एक महीने की शुक्रवार को आनेवाली तारीख में क्या मनोरंजक दिखता है ?

विचार करें :

- यश द्वारा निकाले गए किसी महीने के बुधवार को ४ तारीख हो; तो अगले बुधवार को कितनी तारीख होगी ?

KYNBTU